an>

Title : Need to release funds to compensate the farmers whose crop got damage due to natural calamities in Rajasthan.

श्री पी.पी.चौधरी (पाली) : सभापति महोदय, मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा।

महोदय, लगभग छः माह पूर्व प्राकृतिक आपदा से फसलों के 30 प्रतिशत खराब होने पर क्षति के एवज में राजस्थान सरकार द्वारा प्रभावित किसानों को मुआवजे के लिए 11,886 करोड़ रूपये की धनराशि की मांग भारत सरकार से की गयी थी, जिसके एवज में 1378 करोड़ रुपये की धनराशि ही राजस्थान सरकार को वर्ष 2015 में आवंटित की गयी थी, जो कि प्रभावित काश्तकारों को भारत सरकार के एसडीआरएफ नॉर्म्स के अनुसार वितरित की जा चुकी है। अभी हाल ही में गृहमंत्री जी की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय कमेटी की बैठक में सूखे प्रभावित क्षेत्रों को आपदा प्रबंधन मद में धनराशि आवंटित की गयी, जिसमें राजस्थान राज्य को 1193 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गयी। राजस्थान सरकार की शेष राशि का आवंटन अभी भी बाकी है। यही नहीं, इसके अतिरिक्त पिछले सप्ताह से लगातार मौसम की मार झेल रहे राजस्थान के किसानों की फसल चौपट हो गयी है। पश्चिमी राजस्थान में हुई ओलावृष्टि के कारण पूरी फसलें नष्ट हो गयी हैं।

अतः सदन के माध्यम से मेरा अनुरोध है कि जल्द से जल्द नुकसान का आकलन करने के लिए केन्द्रीय टीम भेजी जाए तथा राजस्थान सरकार को बकाया धनराशि के साथ वर्तमान धनराशि आवंटित करने की कृपा करें ताकि किसानों को आपदा प्रबंधन मद में पूरी सहायता मिल सके। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON:

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Dr. Manoj Rajoria are permitted to associate with the issue raised by Shri P.P.Chaudhary.